FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना रसूलपुर दिनांक 12.06.2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर पत्थर मारकर यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले 02 नफर बाल अपचारियों को हिरासत में लिया गया।

दिनांक 11.06.2026 को प्र0नि0 रेलवे द्वारा सूचना नोट करायी गयी कि गाडी सं0 12003 स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस अप जब पेमेश्वर गेट के खम्बा नम्बर 1230/05 निकट से गुजर रही थी तभी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रेलवे गाडी पर पत्थर मारकर ट्रेन का विन्डो ग्लास तोड दिया , जिससे रेलवे गाडी में बैठे यात्रियों की जान जोखिम मे आ गयी। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना रसूलपुर पर मु0अ0स0 322/26 धारा 152 रेलवे एक्ट पजीकृत कराया गया । श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे मय स्थानीय पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए घटना के खुलासे हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम, दक्षिण, लाइनपार व एसओजी / सर्विलांस सहित कुल 10 पुलिस टीमों का गठन किया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से अवलोकन किया गया।

उक्त टीमो द्वारा लगातार लगभग 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज देखे गये जिनमें रेलवे ट्रैक पर कूडा बीनने वाले तीन बाल अपचारी द्वारा कूडा बीनते समय ट्रैक के पास से पत्थर उठाकर स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन पर फेंका गया था जिससे ट्रेन के विन्डो का ग्लास टूट गया जिससे यात्रियों की जान जोखिम मे आ गयी। उक्त घटना में पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज, पतारसी सुरागरसी से 03 बाल अपचारियों का नाम प्रकाश मे आया जिसमें से आज दिनांक 12.06.2026 को समय करीब 09.30 बजे दो बाल अपचारियों को हिरासत पुलिस मे लिया गया तथा तीसरे बाल अपचारी की तलाश जारी है। बाल अपचारियों को नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर हिरासत पुलिस मे लिया गया है।

गिरफ्तारशुदा बाल अपचारीः--

02 नफर बाल अपचारी

बाल अपचारी की गिरफ्तारी का स्थान व समय -

आसफाबाद फाटक के पास थाना रसूलपुर फिरोजाबाद समय करीब 09.30 बजे।

थाना रसूलपुर पर पंजीकृत अभियोग के अलावा आपराधिक इतिहास बाल अपचारीः---

1. मु0अ0सं0 342/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना उत्तर फिरोजाबाद
2. मु0अ0सं0 63/25 धारा 331(4),305,351(2),317(2) बीएनएस थाना उत्तर फिरोजाबाद
3. मु0अ0सं0 90/2024 धारा 153/147 रेलवे act थाना RPF फिरोजाबाद

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः---

1. प्र0नि0 श्री प्रदीप कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
2. प्र0नि0 श्री योगेन्द्र पाल सिंह थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद मय टीम
3. प्र0नि0 श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विसान्स सैल मय टीम
4. प्र0नि0 श्री प्रेम शंकर पाण्डेय प्रभारी एस.ओ.जी मय टीम
5. प्र0नि0 श्री शेर सिंह थाना जीआरपी जनपद फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
7. उ0नि0 श्री निशान्त कुमार थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद।
8. है0का0 712 शैलेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
9. है0का0 623 पुष्पेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
10. का0 1070 सौरभ कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
11. का0 868 योगेन्द्र सिंह थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
12. रि0का0 835 आशीष चौहान थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
13. रि0का0 508 राघव थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।
14. रि0का0 1260 रजत कुमार थाना रसूलपुर फिरोजाबाद।